# आदर्श प्रश्न पत्र

**विषय: हिन्दी** **कक्षा - 5** **कुल अंक: 50**

समय: 2 घण्टे

---

## भाग - क (साहित्य एवं पठन)

**प्र० 1. नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) का चिन्ह बनाइए:** **(10 × 1 = 10)**

(क) भगवान बुद्ध का मंदिर कहाँ बना हुआ था?

(i) चिकित्सालय के पास ☐ (ii) सरोवर के किनारे ☐
(iii) नदी के किनारे ☐ (iv) समुद्र के किनारे ☐

(ख) गाय घोसी के साथ क्यों नहीं जाना चाहती थी?

(i) गाय हीरा सिंह से अलग नहीं होना चाहती थी। ☐
(ii) गाय को भय था कि घोसी उसे स्नेह नहीं करेगा। ☐
(iii) गाय को अपने गाँव की याद आ रही थी। ☐
(iv) गाय बीमार थी और चल नहीं पा रही थी। ☐

(ग) यमराज का मित्र किसे कहा गया है?

(i) शेर को ☐ (ii) चित्रकार को ☐
(iii) नाविक को ☐ (iv) शिकारी को ☐

(घ) मछुआरों ने प्रत्युत्पन्नमति को जाल से बाहर क्यों फेंक दिया?

(i) उन्हें जीवित मछलियाँ चाहिए थीं। ☐
(ii) उन्हें प्रत्युत्पन्नमति सुंदर नहीं लगी। ☐
(iii) जाल में अधिक मछलियाँ थीं। ☐
(iv) उनसे जाल नहीं उठाया जा रहा था। ☐

(ङ) निशा को अजंता और एलोरा देखकर कैसा लगा?

(i) उसे निराशा हुई ☐ (ii) उसे आश्चर्य हुआ ☐
(iii) उसे दुख हुआ ☐ (iv) वह उदास हो गई ☐

(च) जल प्रदूषण किन कारणों से होता है?

(i) कारखानों और नगरों द्वारा नदियों में डाले जाने वाले अपशिष्ट से ☐
(ii) कारखानों के धुएँ से ☐
(iii) नदी तथा तालाब में स्नान करने से ☐
(iv) तेज आवाज़ में भोंपू बजाने से ☐

(छ) कविता में चाँद के बदलते आकार का वर्णन करने के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया गया है?

(i) एक अंगुल-भर चौड़ा ☐ (ii) एक फुट मोटा ☐

(iii) किसी दिन बड़ा ☐ (iv) किसी दिन छोटा ☐

(ज) राजा ने उपवास और प्रायश्चित क्यों किया?

(i) ताकि वह सिंहासन पर बैठने योग्य बन सके। ☐

(ii) क्योंकि उसे अपने कर्मों पर पछतावा था। ☐

(iii) क्योंकि मूर्तियों ने उसे ऐसा करने के लिए कहा था। ☐

(iv) क्योंकि जनता ने उसे ऐसा करने को कहा था। ☐

(झ) जब किरन आई उस समय बालिका क्या कर रही थी?

(i) वह सो रही थी ☐ (ii) वह खेल रही थी ☐

(iii) वह गीत गा रही थी ☐ (iv) वह पढ़ और लिख रही थी ☐

(ञ) काजीरंगा उद्यान किस नदी के तट पर स्थित है?

(i) गोदावरी ☐ (ii) कृष्णा ☐

(iii) ब्रह्मपुत्र ☐ (iv) यमुना ☐

**प्र० 2. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(5 × ½ = 2½)**

प्रदूषण आजकल की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। इसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवन शैली पर पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण हवा, पानी और मिट्टी में भी प्रदूषक तत्व घुल रहे हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। वायु प्रदूषण से साँस सम्बन्धी समस्याएँ बढ़ रही हैं। जल प्रदूषण से पीने के पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। हमें प्रदूषण को कम करने के लिए पेड़ लगाना, कचरे को ठीक से नष्ट करना और प्रदूषण फैलाने वाली चीज़ों का उपयोग कम करना आदि कार्य करने चाहिए।

(i) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

..............................................................................................................

(ii) प्रदूषण का प्रभाव किन-किन चीज़ों पर पड़ रहा है?

..............................................................................................................

(iii) जल प्रदूषण से क्या हो रहा है?

..............................................................................................................

(iv) प्रदूषण को कम करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

..............................................................................................................

(v) रिक्त स्थान भरो:-

प्रदूषण के कारण -------------------- , पानी और -------------------- में प्रदूषक तत्व घुल रहे हैं।

**प्र० 3. दी गई कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए:** **(5 × ½ = 2½)**

कोयल कुहकी, ---------------------------------

------------------------ चिकने कौरे

फूल गया ------------------------ में,

डूब गई ..........................................

सूरज चंदा सब सुखदाई,

-------------------- , -------------------- आई!

**प्र० 4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए! (कोई पाँच)** **(5 × 1 = 5)**

1. हंस को घायल देख कर सिद्धार्थ ने क्या किया?
2. अजंता में निशा ने क्या देखा?
3. आपको कैसे पता चलता है कि सुबह हो गई?
4. साहकेन क्यों मनाया जाता है?
5. चित्रकार ने शेर से बचने के लिए क्या किया?
6. बचपन में आप कौन-कौन से खेल खेलते थे?
7. सभी मछलियों के भयभीत होने का क्या कारण था?

**प्र० 5. रिक्त स्थान की पूर्ति करें:** **(5 × 1 = 5)**

1. राजा ने देखा वह पत्थर नहीं, बहुत सुंदर ----------------------------- था।
2. चित्रकार ----------------------------- का सुंदर चित्र बनाने लगा।
3. हमने एक सींग वाला ----------------------------- पहली बार देखा।
4. एलोरा में बहुत सुंदर ----------------------------- देखने को मिली।
5. ----------------------------- नदी को भारतवासी पवित्र नदी मानते हैं।

## भाग - ख (व्याकरण एवं व्यावहारिक भाषा)

**प्र० 1. नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थ (पर्यायवाची) लिखिए:** **(4 × ½ = 2)**

(i) नभ: ------------------------ (ii) फूल: ------------------------

(iii) मित्र: ------------------------ (iv) पेड़: ------------------------

**प्र० 2. नीचे दी गई कविता की पंक्ति में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया पहचानकर लिखिए:** **(4 × ½ = 2)**

"आसमान का सफर और यह मौसम है जाड़े का"

| संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|---|
| | | | |

**प्र० 3. दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति रेखांकित शब्दों के विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्दों से कीजिए:** **(4 × ½ = 2)**

1. वह **सुबह** आया और ------------------- को चला गया।
2. मेरे **जागने** और ------------------- का समय निश्चित है।
3. इस **जटिल** समस्या का हल बहुत ------------------- है।
4. सूर्य का **उदय** पूर्व दिशा में और ------------------- पश्चिम दिशा में होता है।

**प्र० 4. नीचे दिए गए चित्रों और शब्दों के संकेत से मुहावरे बनाइए और वाक्यों में प्रयोग भी कीजिए:** **(4 × 1 = 4)**

(i) 👁️ (आँख) + मिचौनी खेलना → **मुहावरा:** ----------------------------------------
वाक्य प्रयोग:

(ii) ९ २ ११ (9, 2, 11) होना → **मुहावरा:** ----------------------------------------
वाक्य प्रयोग:

(iii) 🦷 (दाँत) + तले 👆 (उंगली) दबाना → **मुहावरा:** ----------------------------------------
वाक्य प्रयोग:

(iv) ☀️ (सूरज) को 🪔 (दीपक) दिखाना → **मुहावरा:** ----------------------------------------
वाक्य प्रयोग:

**प्र० 5. दिए गए विराम चिन्हों में से उचित विराम चिन्ह का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए वाक्यों को पुनः लिखिए:** **(4 × 1 = 4)**
**( ? , । ! )**

1. एक समय की बात है

2. राजा ने सोचा मुझसे ज्यादा धनवान बलवान बुद्धिमान और न्यायप्रिय और कौन होगा

3. वाह हम यह मैच जीत गए

4. रात गाय खुली तो नहीं रह गई थी

**प्र० 6. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पूरे कीजिए:** **(2 × ½ = 1)**

1. गंगा एक पवित्र **नदी** है। भारत में अनेक पवित्र -------------------- हैं।
2. सारी **बाल्टियाँ** पानी से भर गई हैं, केवल एक -------------------- बची है।

**प्र० 7. नीचे "जल संरक्षण" विषय पर एक सांकेतिक चित्र (उल्टा छाता वर्षा जल संचयन हेतु) की भावना दी गई है। आप जल संरक्षण का महत्व समझते हुए कोई एक सटीक उपाय या नारा लिखिए:** **(1 × 2 = 2)**

**जल संरक्षण का उपाय / नारा:**

## भाग - ग (रचनात्मक लेखन एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्र0 8 **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र/कार्ड लिखिए:** **(1 × 3 = 3)**

**(क)** अपने मुख्याध्यापक / मुख्याध्यापिका को पंचम कक्षा उत्तीर्ण करने व नई कक्षा में प्रवेश लेने हेतु स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (स्थानांतरण प्रमाण पत्र / SLC) प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ख)** आप गर्मियों की छुट्टियों में अपनी बुआ के घर गए जो कि दिल्ली में रहती हैं। उन्होंने आपको छुट्टियों के दौरान बहुत से ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण करवाया। अब आप अपनी बुआ को एक "धन्यवाद कार्ड" लिखिए और बताइए कि आपको वहाँ कैसा लगा।

प्र0 9 **. नीचे दिए गए प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए:** **(2½ × 2 = 5)**

**(क) कहानी में सिंहासन की मूर्तियाँ उड़कर किसी और जगह चली जाती हैं। वे कहाँ जाती होंगी और वहाँ क्या करती होंगी? यदि राजा सिंहासन पर बैठने में सफल हो जाता तो क्या होता?**

**(ख) एक रात सिद्धार्थ मीठी नींद सो रहे हैं। उनके सपने में हंस आया और न्याय वाले दिन का अपना अनुभव राजा को सुनाया। क्या आप कल्पना करके बता सकते हैं कि हंस ने सिद्धार्थ से क्या-क्या बातें की होंगी और हंस देवदत्त के पास उड़कर क्यों नहीं गया होगा?**

# Blue Print

**मुख्य तालिका:**

| **क्र. सं.** | **विषय क्षेत्र** | **ज्ञान** | **समझ** | **अनुप्रयोग** | **रचनात्मक** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पाठ एवं साहित्य | 8 | 8 | 4 | - | 20 |
| 2. | अपठित गद्य / पद्य | 2 | 6 | 2 | - | 10 |
| 3. | व्याकरण | 5 | 2 | 3 | - | 10 |
| 4. | रचनात्मक लेखन | - | 1 | 1 | 4 | 06 |
| 5. | चित्र / जीवन कौशल आधारित प्रश्न | - | 1 | 3 | - | 04 |

**अतिरिक्त विवरण (प्रतिशत):**

- ज्ञानात्मक प्रश्न = 30%
- समझ आधारित प्रश्न = 35%
- अनुप्रयोग आधारित प्र० = 25%
- रचनात्मक प्र० = 10%

# प्रश्न पत्र संरचना के अनुसार अंक विभाजन

| क्र. सं० | विषयवस्तु / कौशल क्षेत्र | प्रश्न संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | पाठ आधारित MCQ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न | भाग क , प्र०-01, 04 | 15 |
| 2. | अपठित गद्यांश (पठन एवं बोध) | भाग-क , प्र०-02 | $2\frac{1}{2}$ |
| 3. | पाठ आधारित कविता | भाग-क , प्र०-03 | $2\frac{1}{2}$ |
| 4. | पाठ आधारित रिक्त स्थान | भाग-क , प्र०-05 | 5 |
| 5. | व्याकरण भाग - समानार्थक, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण | भाग ख , प्र०-01, 02 | 04 |
| 6. | मुहावरे एंव वाक्य प्रयोग विपरीत शब्द | भाग-ख , प्र०-3, 04 | 06 |
| 7. | विराम चिन्ह, शब्द प्रयोग | भाग-ख, प्र०-5, 6 | 5 |
| 8. | चित्र आधारित लेखन | भाग ख , प्र०-7 | 2 |
| 9. | रचनात्मक लेखन (पत्र / कार्ड) | भाग ख , प्र०-08 | 3 |
| 10. | दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाठ समझ) | भाग ख, प्र०-09 | 5 |